8

Audit Asstt

पंजीकृत

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) हरियाणा, चण्डीगढ़

एस.एस./वैटिंग-1/आडिट नोट/2018-2019/ 829-31 दिनांक 26-02-2019

सेवा में,

प्रधानाचार्य

राजकीय बहुतकनीकी,

अम्बाला शहर

GOVT. POLYTECHNIC
D. No. 380
Date 1/3/19
AMBALA CITY

विषयः लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 2/17 से 12/18 तक।

उपरोक्त विषय के संदर्भ 2/17 से 12/18 तक के लेखों की निरीक्षण रिपोर्ट भेज रहा हूँ। इस रिपोर्ट में भाग 2-(क) के पैरा न0 -- - से -- तक और भाग 2(ख) के पैरा न0 1 से 3 तक तथा टैन के पैरा न0 1 से 3 सम्मिलित हैं। प्रत्येक पैरे पर की गई कार्यवाही, टिप्पणी सहित एनोटेटिड फार्म में इस कार्यालय को रिपोर्ट मिलने की तिथि के एक माह के अंदर भेजने की कृपा करें।

हस्ताक्षर

लेखा परीक्षा अधिकारी

एस.एस./वैटिंग

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि निरीक्षण रिपोर्ट पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबन्धित अधिकारी को दिए जायें।

1 वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग, न्यू सचिवालय सैक्टर-17 चण्डीगढ।

2 महानिदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग. हरियाणा वेज 7-12, सैक्टर-4 पंचकूला।

हस्ता

लेखा परीक्षा अधिकारी

एस.एस./वैटिंग

Scanned with CamScanner

# OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT POLYTECHNIC, AMBALA CITY

The details of pending Audit Para of the office of The Principal Accountant General (Audit), Haryana Chandigarh pertaining to Govt. Polytechnic Ambala City is given as under:

| Sr.No. | Audit period | No. of Pending Audit Para | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1. | 02/2008-12/2009 | 01 | Latest Reply has been sent to The O/o Principal Accountant General (Audit) Haryana, Chandigarh vide this Office memo. No. GPA/700 dated 17/01/2020 but the reply is awaited. |
| 2. | 04/2014-01/2017 | 04 | |
| 3. | 02/2017-12/2018 | 06 | |

This is for kind information.

Principal, 14/5

Govt. Polytecnic,

Ambala City

482

14/5/2020

14/5/20

Scanned with CamScanner

**कार्यालय, प्रधानाचार्य राजकीय बहुतकनीकी, अंबाला शहर की अवधि 02/2017 से 12/2018 तक के लेखाओं की लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।**

**भाग-1(क) प्रस्तावना ।**

विभाग, प्रधानाचार्य राजकीय बहुतकनीकी, अंबाला शहर का मुख्य कार्य छात्रों को डिप्लोमा स्तर की तकनीकी शिक्षा व उनको रोजगार व अन्य व्यवसाय करने हेतू तैयार करना है। महानिदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा पंचकूला के अंतर्गत यह एक कार्यान्वयन इकाई है। पिछले वर्षों के दौरान कार्यालय का व्यय निम्नलिखित है:-

| वर्ष | शीर्ष | बजट अलाटमैंट (रु.) | कुल खर्च (रु.) |
|---|---|---|---|
| 2014-15 | 2203 | 147697309 | 144516569 |
| 2015-16 | -- | 171698204 | 120842255 |
| 2016-17 | -- | 171493500 | 160986571 |
| 2017-18 | -- | 169287134 | 166046498 |
| 2018-19 | -- | 156661748 | 144381928 (12/2018 तक) |
| | कुल | 816837895 | 736773821 |

कार्यालय, प्रधानाचार्य राजकीय बहुतकनीकी, अंबाला शहर की अवधि 02/2017 से 12/2018 तक के लेखाओं की लेखापरीक्षा दिनांक 28.01.19 से 01.02.19 तक की गई, जिसमें नमूना जाँच के लिए माह 03/17, 03/18 एवं 10/18 का चयन सैम्पलिंग तकनीक द्वारा किया गया । यह लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की गई है ।

**भाग- 2 (व्यय) लेखापरीक्षा परिणाम –**

**क-** गम्भीर अनियमितताएं -शून्य

**ख-** अन्य अनियमितताएं - 1 से 3 तक

**पैरा:-1 हारट्रॉन को दिए गए अग्रिम राशि का समायोजन न करना एवं अग्रिम राशि पर ब्याज की वसूली न करना: 2.27 लाख रुपये ।** (H.O.D Computer)

वित्त विभाग, हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक 28/43/2010-1B & C दिनांक 09.03.2011 के अनुसार किसी विभाग द्वारा किसी बोर्ड/कारपोरेशन/सोसाइटी को किसी कार्य करवाने या खरीद करने हेतु दी गई अग्रिम राशि पर 6 % वार्षिक ब्याज की दर से अर्धवार्षिक रूप में ब्याज की प्राप्ति/वसूली की जानी चाहिए जब तक बोर्ड/कारपोरेशन/सोसाइटी द्वारा अग्रिम फण्ड की राशि को वास्तविक रूप से उपयोग नहीं कर लिया जाता |

कार्यालय, प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर अवधि मास 02/2017 से 12/2018 के लेखों की लेखा परीक्षा की नमूना जॉच के दौरान पाया गया कि विभाग द्वारा वर्ष

Scanned with CamScanner

2017-18 में हारट्रॉन को 70 कंप्यूटर एवं 5 यु पी एस तथा इनसे संबंधित आइटम्स की खरीद के लिए दिनांक 19-01-2018 को अग्रिम धनराशि 3,79,4,000/- रूपये का भुगतान किया गया | आगे के लेखों की जाँच में पाया गया की उक्त अग्रिम धनराशि को दिए 1 वर्ष का समय हो चुका है लेकिन हारट्रॉन द्वारा अभी तक (जनवरी, 2019) उपरोक्त कंप्यूटर एवं यु पी एस तथा इनसे संबंधित आइटम्स की खरीद करके विभाग को आपूर्ति नही की गई है एवं जिसके कारण उपरोक्त अग्रिम राशि का समायोजन भी नहीं हो सका है एवं उपरोक्त वर्णित हरियाणा सरकार के नियमानुसार अग्रिम धनराशि 3,79,4,000/- रूपये पर 6% वार्षिक ब्याज जो की 2,27,640/- रूपये बनता है, हारट्रॉन से विभाग को वसूल किया जाकर समायोजन किया जाना चाहिए था लेकिन विभाग द्वारा अभी तक न ही उक्त अग्रिम का समायोजन किया है एवं न ही उक्त धनराशि पर हारट्रॉन से ब्याज की वसूली की है जो की उपरोक्त नियमो की अवहेलना है |

अत: इस प्रकार वर्ष 2017-18 के दौरान हारट्रॉन को जारी किये अग्रिम की राशि पर 2.27 लाख रूपये ब्याज के रूप में विभाग द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं की गई है एवं समायोजन नहीं किया गया है | उपरोक्त आँकड़ो एवं तथ्यों को पुष्टि उपरांत आवश्यक कार्यवाही करके लेखा परीक्षा को सूचित किया जाए ।

इस सम्बन्ध में ऑडिट मेमो संख्या 2 दिनांक 31-01-2019 जारी किया गया । उत्तर में विभाग ने कहा कि जबाब बाद में दिया जाएगा ।

**पैरा: 2 बिना स्वीकृति के फण्ड का स्थानान्तरण करना |** (O/I CDTP.)

मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पॉलिटेक्निक के माध्यम से सामुदायिक विकास योजना चलाई जा रही है जिसके मुख्य उद्देश्य निन्मलिखित हैं:-

1.प्रोधिगिकी और प्रशिक्षण की जरूरतों का आकलन करने के लिए मूल्यांकन सर्वेक्षण की जरूरतों को पूरा करना |

2.लक्षित समूहों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना |

3.उत्पादकता बढ़ने के लिए उपयुक्त प्रोधोगिकी का प्रसार करना |

4.ग्रामीण जनता और मलिन बस्तियों में तकनीकी सेवाएं प्रदान करना |

5.तकनीकी उन्नत्ति और ,महत्व के समकालीन मुद्दों के बारे में लक्षित समूहों के बीच जागरूकता पैदा करना |

कार्यालय, प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर अवधि मास 02/2017 से 12/2018 के लेखों की लेखा परीक्षा की नमूना जाँच के दौरान पाया गया कि उपरोक्त योजना (CDTP) के अंतर्गत4,00,000/- लाख रुपये की राशी संस्थान के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या30912392567 (Non Recurring A/c) में जमा थी | दिनांक 04-04-2018 को इस राशी को इस खाते से चेक द्वारा निकाल कर भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 30912395502( Recurring

CS Scanned with CamScanner

5

भाग-ग- लघु आपत्ति नोट- टैन 1 से 3

**टैन:-1 विभिन्न वर्कशॉप में रखे हुए स्क्रैप की नीलामी न करना ।** Workshop Supdt.

कार्यालय, प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर अवधि मास 02/2017 से 12/2018 के लेखों की लेखा परीक्षा की नमूना जॉच के दौरान पाया गया कि संस्थान की विभिन्न वर्कशॉप में लगभग 1000/- किलोग्राम स्क्रैप रखा हुआ जिसका विवरण अनुलग्नक में दर्शाया गया है।

विभिन्न वर्कशॉप में रखे हुए स्क्रैप की सूचि:-

| Sr. No. | Name of workshop | Quantity (Approx) in Kgs. |
|---|---|---|
| 1 | Machine Shop | 75-00 |
| 2 | Welding Shop | 377-00 |
| 3 | Turning Shop | 62-00 |
| 4 | Grinding Shop | 33-00 |
| 5 | A. Welding Shop | 85-00 |
| 6 | Fitting Shop | 150-00 |
| 7 | A Fitting Shop | 57-00 |
| 8 | Smithy/Sheet Metal Shop | 165-00 |
| | **Total** | **1004/-** |

अत: स्क्रैप को नीलाम करके इससे प्राप्त राशी को विभाग के प्राप्ति शीर्ष में जमा करवाकर व कोई अन्य नियमानुसार कार्यवाई करके लेखापरीक्षा को अवगत कराया जाये।

इस सम्बन्ध में ऑडिट मेमो संख्या 7 दिनांक 31-01-2019 जारी किया गया । उत्तर में विभाग ने कहा कि जबाब बाद में दिया जाएगा ।

**टैन:-2 पुस्तकालय में अनियमितताएं** I/C I. Library

कार्यालय, प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर अवधि मास 02/2017 से 12/2018 के पुस्तकालय के लेखों की लेखा परीक्षा की नमूना जॉच के दौरान पाया गया कि:-

1. पुस्तकालय में वर्ष 1964 से वर्ष 2016 तक 59504 पुस्तक काफी दिनों से पड़े हुए हैं जो सिलेबस से बाहर हो चुके हैं ।
2. .पुस्तकालय में 826 ऐसी पुस्तक पड़ी हुई हैं जिनकी विधार्थियों द्वारा न ही मांग की गई न ही पुस्तकालय द्वारा जारी की गई ।
3. पुस्तकालय में 249 ऐसी पुस्तकें हैं जो 3 वर्ष 6 महीने से लेकर 3 महीने तक विधार्थियों को जारी किये थे परन्तु विधार्थियों द्वारा अभी तक वापिस नहीं किये है । इस सम्बन्ध में ऑडिट मेमो संख्या 5 दिनांक 31-01-2019 जारी किया गया । उत्तर में विभाग ने कहा कि जबाब बाद में दिया जाएगा ।

Scanned with CamScanner

**टैनः-3 सुरक्षा उपकरणों का नवीनीकरण न करना।** (HOD Civil)

कार्यालय, प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर अवधि मास 02/2017 से 12/2018 के लेखों की लेखा परीक्षा की नमूना जाँच के दौरान पाया गया कि विभाग द्वारा 30 Fire extinguisher दिनांक 14-09-2016 को 47400/- में खरीदी गई थी जो 2 वर्ष के लिए वैध थी अर्थात दिनांक 13-09-18 के बाद उसे नवीनीकृत करना था। लेखों की आगे जांच में पाया गया की विभाग द्वारा 13-09-18 के बाद यंत्रों को नवीनीकृत नहीं किया गया।

इस सम्बन्ध में ऑडिट मेमो संख्या 6 दिनांक 31-01-2019 जारी किया गया। उत्तर में विभाग ने कहा कि जबाब बाद में दिया जाएगा।

**ग-** लघु आपत्ति नोट- शून्य

**घ-** बार- बार दोहराई जाने वाली आपत्तियाँ- शून्य -

**भाग 2 - (राजस्व / प्राप्तियां) लेखापरीक्षा परिणाम –**

क- गम्भीर अनियमितताएं - शून्य

ख- अन्य अनियमितताएं - शून्य

ग- लघु आपत्ति नोट - शून्य-

घ- बार-बार दोहराई जाने वाली आपत्तियाँ - शून्य -

**भाग-3 पिछले प्रतिवेदनों के बकाया परिणामों का अनुसरण / जांच -**

कार्यालय, महानिदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा पंचकुला के पिछले प्रतिवेदनों अवधि 02/2008 से 01/17 तक के बकाया आपत्तियों की समीक्षा की गई जिसमें से 4 आपत्तियों/पैरों पर आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है, जिनके समाप्त करने की अनुशंसा की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| निरीक्षण प्रतिवेदन की अवधि | बकाये पैरे | | निपटान की अनुशंसा | | शेष पैरे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पैरा संख्या | कुल पैरों की संख्या | पैरा संख्या | कुल पैरों की संख्या | पैरा संख्या | कुल पैरों की संख्या |
| 02/2008-12/2009 | 2 | 1 | -- | -- | 2 | 1 |
| 04/14-01/2017 | 1,3,4,5,8,9,11<br>ख(R)1,2 | 6<br>2 | 4,5,9,11 | 4 | 1,3,8<br>ख(R)1,2 | 2<br>2 |

Scanned with CamScanner

भाग-4 सराहनीय कार्य – शून्य -

भाग-5 पावती/अभिस्वीकृति –

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कार्यालय के डीडीओ का कार्यभार निम्नलिखित अधिकारियों के अधीन रहाः-

| क्र.स. | नाम सर्व/श्री | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पींक सोनी | प्रधानाचार्य | 24.04.15-31.10.18 |
| 2 | राजीव सपड़ा | कार्यवाहक प्रधानाचार्य | 01.11.18-21.12.18 |
| 3 | संजीव कुमार | प्रधानाचार्य | 22.12.18 से अब तक |

यह रिपार्ट ईकाई द्वारा उपलब्ध करवाए गये अभिलेखों/सूचना के आधार पर तैयार की गई है। लेखापरीक्षा दल द्वारा वांछित सूचना / अभिलेख ईकाई द्वारा समय- समय पर उपलब्ध करवा दी गई । कार्यालय द्वारा दी गई गलत सूचना या सूचना/दस्तावेज उपलब्ध न करवाने के बारे में कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हरियाणा, चण्डीगढ की कोई जिम्मेवारी नहीं है ।

-हस्ता-

लेखा परीक्षा अधिकारी

सत्यापित

स.लेखा परीक्षा अधिकारी 25/2/15

Scanned with CamScanner